

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

■ रायपुर, गुरुवार 16 नवंबर 2023 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-3 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-227 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 17 नवंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.







## वादा है फिर निभाएंगे



- पहले की तरह इस बार भी किसानों का कर्ज माफ होगा
- अब 20 क्विंटल धान खरीदी 3,200 रु की दर से
- KG से PG तक मिलेगी नि:शुल्क शिक्षा
- 17.5 लाख परिवारों को मिलेगा आवास
- तेंदूपत्ते का प्रति बोरा 6000 रु और 4000 रु सालाना बोनस
- अब 10 लाख रु तक का मिलेगा मुफ्त इलाज
- भूमिहीनों कृषि मजदूरों को मिलेंगे 10,000 रु प्रतिवर्ष
- तिवरा भी समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा
- जातिगत जनगणना कराएंगे
- सड़क एवं अन्य आकस्मिक दुर्घटनाओं पर नि:शुल्क इलाज



- गृहलक्ष्मी योजना में महिलाओं को मिलेंगे प्रतिवर्ष 15,000 रु
- 200 यूनिट मिलेगी बिजली फ्री
- गैस सिलेंडरों पर 500 रु सब्सिडी महिलाओं के खातों में
- अब सभी सरकारी स्कूल बनेंगे स्वामी आत्मानंद स्कूल
- लघु वनोपजों की MSP पर मिलेंगे अतिरिक्त 10 रु प्रति किलो
- स्व-सहायता समूहों का भी होगा कर्जा माफ
- युवाओं को उद्योग, व्यवसाय हेतु ऋण में 50% सब्सिडी
- 700 नए RIPA का होगा निर्माण
- परिवहन व्यावसायियों के होंगे कर व कर्ज माफ
- अंत्येष्टि के लिए लकड़ी का प्रबंध

भरोसा बरकरार फिर से कांग्रेस सरकार

### भरोसा रखिए, पंजा का बटन दबाएं

## कांग्रेस को जिताएं

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी

संपादकीय

## सवाल तो उठेगा ही पहले क्यों नहीं दिया ?

चुनाव के अंतिम चरण में जैसी उम्मीद थी कि कांग्रेस व भाजपा में वादा करने की होड़ आखिरी दिन तक लगी रहेगी। ऐसा ही हुआ है। दोनों एक दूसरे से बढ़त लेना चाहते हैं, इसलिए एक पार्टी की घोषणा के बाद दूसरी पार्टी कोई घोषणा कर देती है। यह सिलसिला चुनाव घोषणा पत्र जारी होने से पहले से चला आ रहा है।कांग्रेस ने तो अपना चुनाव घोषणा पत्र बाद में जारी किया । उससे पहले उसने अपनी सारी अहम घोषणाएं अपने नेताओं की सभा में कर दी थी । कुछ घोषणाएं सीएम भूपेश बघेल ने की तो कुछ घोषणाएं राहुल गांधी व प्रियंका गांधी ने की। उसके बाद कांग्रेस ने अपना घोषमा पत्र तब जारी किया जब भाजपा ने अपना घोषणापत्र जारी किया। भाजपा के घोषणा पत्र में धान 3100 रुपए क्विंटल, प्रति एकड़ धान खरीदी 21 क्विंटल व धान का पैसा एकमुश्त देने का वादा किया तथा महिलाओं को 12000 रुपए सालाना देने की घोषणा की। कांग्रेस ने भाजपा के 3100 रुपए प्रति क्विंटल के जवाब में 3200 रुपए प्रति क्विंटल खरीदने की घोषणा की। कांग्रेस उम्मीद कर रही थी कि भाजपा जरूर धान के मामले में बड़े वादे करेगी और भाजपा ने किया भी तो कांग्रेस ने उससे 100 रुपए ज्यादा देने की घोषणा की है। प्रथम चरण के लिए चुनाव होने का बाद कांग्रेस को लगा कि भाजपा महिलाओं को 12000 रुपए देने की घोषणा कर उससे आगे न निकल जाए इसलिए उसने पहले चरण का मतदान होने के बाद घोषणा की है कि वह महिलाओं को 15000 रुपए देगी। इसके बाद लोग इंतजार कर रहे थे कि भाजपा क्या करती है। तो भाजपा की तरफ से केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने घोषणा की है कि भाजपा दो साल का बकाया बोनस 25 दिसंबर को अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन पर देगी। ऐसा करके भाजपा ने उस वादाखिलाफी के दाग को मिटाने का प्रयास किया है जो उस पर पांच साल पहले लगा था। लोग याद करते हैं तथा लोगों को याद भी दिलाया जाता है कि भाजपा ने वादा करके दो साल का बोनस नहीं दिया। इस बार बोनस देने की बात भाजपा से पहले कांग्रेस ने की। कांग्रेस की तरफ से कहा गया था कि यदि केंद्र सरकार हमें अनुमति दे तो हम राज्य के किसानों को दो साल का बोनस भी दे सकते हैं। इसके बाद कांग्रेस ने उस मुद्दे को नहीं उठाया तो चुनाव के पहले भाजपा ने इस मुद्दे को उठाकर किसानों को खुश करने का प्रयास किया है कि भाजपा सरकार बनी तो 25 दिसंबर को बोनस दिया जाएगा। यह एक तीर से दो शिकार करना है। एक तरफ तो वादाखिलाफी का दाग धोना है तथा दूसरी तरफ किसानों को बकाया देकर यह जताना है कि भाजपा को किसानों का पूरा ख्याल है। बोनस देने का वादा कर भाजपा ने कांग्रेस से फिर बढ़त तो ले ली है। कांग्रेस जो गेंद भाजपा के पाले में डाली थी कि केंद्र सरकार के कारण ही किसानों को बोनस नहीं मिल रहा है। भाजपा ने बकाया बोनस देने की घोषणा कर नहले पर दहला मार दिया है लेकिन कांग्रेस तो यह सवाल उठाएगी ही कि भाजपा पांच साल बाद क्यों बोनस दे रही है। उसे बोनस देना था तो पहले ही दे देती। वह यह भी कहेगी कि जब कांग्रेस ने किसानों को बोनस देने की अनुमति मांगी थी तो केंद्र सरकार ने उसे अनुमति क्यों नहीं दी। राज्य चुनाव में किसानों के वोट का सबसे ज्यादा महत्व है, इसलिए भाजपा व कांग्रेस किसानों को यह बताने का प्रयास कर रहे हैं कि देखों हम तुम्हारे लिए क्या क्या कर रहे हैं। पिछली बार भाजपा कांग्रेस का मुकाबला किसानों के मुद्दे पर नहीं कर सकी थी, इसलिए चुनाव हार गई थी, इस बार भी अगर भाजपा किसानों व महिलाओं के मुद्दे को नहीं उठाती, वादा नहीं करती तो वह कांग्रेस से फिर पिछड़ जाती और चुनाव हार जाती । इस बार भाजपा ने कांग्रेस को उसी के तमाम मुद्दे उठाकर अच्छी टक्कर दी है। कांग्रेस के लिए मैदान खाली नहीं छोड़ा है।

# लोकतंत्र के महापर्व चुनाव में मतदान अवश्य करें


**चुनाव**

पुखराज प्राज

**1919 में, महिलाओं को वोट देने के लिए समर्थन का संकेत देने वाली भावुक दलीलें और रिपोर्टें मताधिकारवादियों द्वारा भारत कार्यालय और हाउस ऑफ लॉर्ड्स और कॉमन्स की संयुक्त चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत की गईं, जो साउथबोरो फैंचाइज़ के चुनावी विनियमन सुधारों को अंतिम रूप देने के लिए बैठक कर रही थीं।**

चुनावी सरगर्मियां गांव के चौक-चौराहों से लेकर, नगर के चाय की नुक्कड़ तक तेज है। मतदान की तिथि भी निर्धारित है और चुनाव से पहले विभिन्न दलों के चुनावी घोषणा पत्र या कहें वायदों की लम्बी लिस्ट है। एक ओर जहां बेरोजगारी और महंगाई की बात है तो दूसरी ओर किसानों के हितों को दिखलाते पैरामीटर्स खींचते वादों की कमी नहीं है। बहरहाल, चुनाव यानी वह मुकर्रर तिथि जब जनता अपने शासन की चाबी किसे देगी इस विषयक मत का संग्रह है। जिस दल के प्रत्याशियों को बहुमत मिले वहीं सरकार बनाती है। इस पूरे प्रक्रिया में जनता यानी आप से, मुझसे और हम सरीखे आम लोग जो निर्धारित शासित क्षेत्र के निवासी है; उनका चुनाव यानी जनमत संग्रह के इस महापर्व में योगदान करना कर्तव्य है।

मतदान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की बात करें तो, ऐसा प्रतीत होता है कि लगभग 508 ईसा पूर्व से, प्राचीन ग्रीस ने लोकतंत्र का सबसे प्रारंभिक स्वरूप लागू किया था। यूनानियों के पास नकारात्मक÷ चुनाव था - अर्थात, हर साल मतदाताओं, जो पुरुष भूमि मालिक थे,



को उस राजनीतिक नेता या उम्मीदवारों के लिए वोट करने के लिए कहा जाता था जिसे वे अगले दस वर्षों के लिए निर्वासित करना चाहते थे।

प्रारंभिक मतपत्र प्रणाली में मतदाता बर्तनों के टूटे हुए टुकड़ों पर अपनी पसंद लिखते थे, ग्रीक में ओस्ट्राका, और इसी नाम से हमारा वर्तमान शब्द बहिष्कृत होता है। यदि किसी उम्मीदवार को 6,000 से अधिक वोट प्राप्त हुए तो सबसे बड़ी संख्या वाले को निर्वासित कर दिया गया। यदि किसी राजनेता को 6 हजार वोट नहीं मिले तो वे सभी बचे रहे। चूंकि मतदाता केवल पुरुष भूमि मालिक थे, इसलिए मतदाताओं की संख्या कम थी। यदि वोटों का समान प्रसार होता, तो किसी को भी निर्वासित नहीं किया जाता, इसलिए आमतौर पर केवल बहुत अलोकप्रिय राजनीतिक नेताओं को ही बहिष्कृत या निर्वासित किया जाता। हालाँकि, आज ऐसे कुछ ही राजनेता हैं जो 6हजार नकारात्मक वोटों से बच पाएंगे! वहीं बात करें महिलाओं के मताधिकार की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की तो, 19वें संशोधन ने 1920 में महिलाओं को वोट देने का अधिकार दिया। यह संशोधन सफ़्रागेट्स के एक अंतरराष्ट्रीय आंदोलन के परिणामस्वरूप हुआ। हालाँकि, दुनिया भर में महिलाओं का प्रदर्शन हमेशा उतना अच्छा नहीं रहा है। 1970 के दशक तक स्विट्जरलैंड में महिलाओं को वोट देने का अधिकार नहीं था और 1990 तक कुवैत में भी महिलाएं वोट नहीं दे सकती थीं। ऐसे कई देश हैं जहां महिलाओं और नागरिकों को अभी भी वोट देने का विशेषाधिकार नहीं मिला है।

भारत में महिला मताधिकार आंदोलन ने ब्रिटिश शासन के तहत औपनिवेशिक भारत में भारतीय महिलाओं के राजनीतिक मताधिकार के अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी । मताधिकार से परे , यह आंदोलन औपनिवेशिक युग के दौरान महिलाओं के लिए खड़े होने और पद पर बने रहने के अधिकार के लिए लड़ रहा था। 1918 में, जब ब्रिटेन ने महिला संपत्ति धारकों को सीमित मताधिकार दिया , तो यह कानून साम्राज्य के अन्य हिस्सों में ब्रिटिश नागरिकों पर लागू नहीं हुआ । भारतीय मतदान नियमों का मूल्यांकन करने के लिए भेजे गए ब्रिटिश आयोगों को महिलाओं और पुरुषों द्वारा प्रस्तुत याचिकाओं के बावजूद, मोंटागु -चेम्सफोर्ड सुधारों में महिलाओं की मांगों को नजरअंदाज कर दिया गया । 1919 में, महिलाओं को वोट देने के लिए समर्थन का संकेत देने वाली भावुक दलीलें और रिपोर्टें मताधिकारवादियों द्वारा भारत कार्यालय और हाउस ऑफ लॉर्ड्स और कॉमन्स की संयुक्त चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत की गईं, जो साउथबोरो फ़ैंचाइज़ के चुनावी विनियमन सुधारों को अंतिम रूप देने के लिए बैठक कर रही थीं। हालाँकि उन्हें मतदान का अधिकार नहीं दिया गया था, न ही चुनाव में खड़े होने का अधिकार, भारत सरकार अधिनियम 1919 ने प्रांतीय परिषदों को यह निर्धारित करने की अनुमति दी कि क्या महिलाएँ मतदान कर सकती हैं, बशर्ते कि वे कड़े संपत्ति, आय या शैक्षिक स्तर को पूरा करती हों। 1919 और 1929 के बीच, सभी ब्रिटिश प्रांतों , साथ ही अधिकांश रियासतों ने महिलाओं को वोट देने का अधिकार दिया और कुछ मामलों में, उन्हें स्थानीय चुनावों में खड़े होने की अनुमति दी। पहली जीत 1919 में मद्रास शहर में हुई , उसके बाद 1920 में त्रावणकोर साम्राज्य और झालावाड़ राज्य में, और 1921 में ब्रिटिश प्रांत, मद्रास प्रेसीडेंसी और बॉम्बे प्रेसीडेंसी में। राजकोट राज्य ने 1923 में पूर्ण सार्वभौमिक मताधिकार प्रदान किया और उस वर्ष भारत में विधान परिषद में सेवा देने वाली पहली दो महिलाएँ चुनी गईं।1924 में, मुद्दीमन समिति ने एक और अध्ययन किया और सिफारिश की कि ब्रिटिश संसद महिलाओं को चुनाव में खड़े होने की अनुमति दे, जिससे 1926 में मतदान के अधिकार में सुधार हुआ। 1927 में, एक नया भारत अधिनियम विकसित करने के लिए साइमन कमीशन नियुक्त किया गया था। क्योंकि आयोग में कोई भारतीय नहीं था, राष्ट्रवादियों ने उनके सत्रों का बहिष्कार करने की सिफारिश की। इससे महिला समूहों के बीच दरार पैदा हो गई, जो एक तरफ सार्वभौमिक मताधिकार के पक्ष में और दूसरी तरफ शैक्षिक और आर्थिक मानदंडों के आधार पर सीमित मताधिकार बनाए रखने के पक्ष में एकजुट हुईं। आयोग ने मताधिकार के विस्तार पर चर्चा के लिए गोलमेज सम्मेलन आयोजित करने की सिफारिश की। महिलाओं से सीमित इनपुट के साथ, तीन गोलमेज की रिपोर्ट ब्रिटिश संसद की संयुक्त समिति को भेजी गई थी जिसमें मतदान की आयु को कम करके 21 वर्ष करने की सिफारिश की गई थी, लेकिन संपत्ति और साक्षरता प्रतिबंधों को बरकरार रखा गया था, साथ ही महिलाओं की पात्रता उनकी वैवाहिक स्थिति पर आधारित थी। इसने प्रांतीय विधायिकाओं में महिलाओं और जातीय समूहों के लिए विशेष कोटा भी प्रदान किया। इन प्रावधानों को भारत सरकार अधिनियम 1935 में शामिल किया गया था । हालाँकि इसने चुनावी पात्रता बढ़ा दी, फिर भी अधिनियम ने भारत में केवल 2.5त्र महिलाओं को वोट देने की अनुमति दी। मताधिकार के विस्तार के लिए आगे की सभी कार्रवाई राष्ट्रवादी आंदोलन से जुड़ी थी, जो महिलाओं के मुद्दों की तुलना में स्वतंत्रता को उच्च प्राथमिकता मानता था। 1946 में, जब भारत की संविधान सभा चुनी गई, तो 15 सीटें महिलाओं को मिलीं। उन्होंने नए संविधान का मसौदा तैयार करने में मदद की और अप्रैल 1947 में विधानसभा सार्वभौमिक मताधिकार के सिद्धांत पर सहमत हुई। चुनाव के प्रावधानों को जुलाई में अपनाया गया, भारत को अगस्त में ब्रिटेन से आजादी मिली और 1948 की शुरुआत में मतदान सूची तैयार की जाने लगी। मताधिकार और चुनाव के लिए अंतिम प्रावधानों को जून 1949 में संविधान के मसौदे में शामिल किया गया और 26 जनवरी 1950 को प्रभावी हुआ। लोकतंत्र यानी जनता का, जनता के लिए, जनता का शासन है। जिसमें चुनाव वह पर्व है जो निर्धारित करता है जनता किसे अपना प्रतिनिधित्व सौपना चाहती है। आज मतदान के महापर्व पर प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। जिससे स्वस्थ्य लोकतंत्र की स्थापना हो सके।

## आज का राशिफल

मेष राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज रुका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप सामाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करने से आपको लाभ की प्राप्ति होगी। ऑफिस के काम में आज आपके सामने कई चुनौतियां आएगी, धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता मिलेगी।

वृष राशि:आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी आज आपको खुशियां देंगे। आज कार्यों में माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा, जिससे आपके काम समय से पूरे हो जाएंगे। आज किसी से बातचीत करते समय आपको थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत है। दोस्तों के साथ शाम को अच्छा समय बीतेगा।

मिथुन राशि:आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपका कोई महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, जिससे आपको खुशी होगी। आज आप काम करने के नए तरीको पर विचार करेंगे। आज कार्यस्थल पर आपके कार्यक्षमता को देखकर लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। आज आपको किसी काम को करने की इच्छा मन में जागेगी। आज आप परिवार के साथ शॉपिंग करने जाएंगे।

कर्क राशि:आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुए धन लाभ से आज अपनी जरूरत का सामान खरीदेंगे। दांपत्य जीवन में और मधुरता आएगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है। पार्टी में कोई नयी जिम्मेदारी मिलेगी। समाज में आज आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल होगी। ऑफिस में पदोन्नति के साथ-साथ इन्क्रीमेंट मिलने से आप काफी उत्साहित होंगे।

सिंह राशि:आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉर्मेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगे। आज सभी जरुरी काम आसानी से पूरा कर लेंगे। पिता ने व्यापार में जो जिम्मेदारियां दी हुई हैं उसे आप आसानी से निभा लेंगे। इस राशि के जो लोग फर्नीचर का कार्य कर रहे है, उन्हें उम्मीद से अधिक फायदा होगा। परिवार में सभी आपके व्यवहार से खुश रहेंगे।

कन्या राशि:आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी। आज आप घर के लिए सामान की खरीददारी करने मार्केट जाएंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का समय अनुकूल है मेहनत के अच्छे परिणाम हासिल होंगे। आज शाम को किसी मित्र की बर्थडे पार्टी में जाएंगे जहां आपके अन्य दोस्त भी होंगे। ऑफिस में किसी काम को लेकर थोड़ा विचारविमर्श करना पड़ सकता है।

तुला राशि:आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव लोगों को काफी पसंद आयेगा। आज आप अपने खर्चे पर नियंत्रण लगाने का प्लान बनाएंगे। आज आपको बेवजह किसी बात को लेकर ज्यादा सोच विचार करने से बचना चाहिए। आज आप व्यस्त दिनचर्या के बावजूद भी अपने लिए समय निकाल लेंगे। जीवनसाथी आज आपको कोई सरप्राइज देंगे।

वृश्चिक राशि:आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से आप काफी खुश नजर आएंगे, घर पर पार्टी करने का मन बनायेंगे। काफी समय से चल रही किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से आज आपको छुटकारा मिलेगा। आप ऑफिस से घर आकर अपना पसंदीदा काम कर सकते हैं, इससे आपके मन को शांति मिलेगी।

धनु राशि:आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज का दिन तरक्की के नए नये मार्ग खोलेगा। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस बनाए रखें, जल्द ही आपको सफलता मिलने वाली है। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता है। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं।

मकर राशि:आज का दिन आपके लिए ठीकठाक रहने वाला है। आज आप खुद को बदली हुई भूमिका में महसूस करेंगे। इस राशि के जो जिम ट्रेनर है उनके लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आपके व्यावसायिक कौशल में तेजी आएगी और आप एक मजबूत भावना के साथ पेशेवर दौड़ में खुद को आगे पाएंगे। आपको अपने पद और आय को एक समान या बढ़ाने के अवसर प्राप्त होंगे।

कुंभ राशि:आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। व्यापार में अच्छा लाभ मिलने से आपकी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहेगा। आपका किसी नए वाहन को खरीदने का सपना आज पूरा होगा। आज आप दोस्त से अपने मन की बात शेयर करेंगे, वह आपकी बातों को अहमियत देंगे। परिवार में लोग आपकी बातों का पूरा मान रखेंगे। संतान की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

मीन राशि:आज का दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आएगा। आज आप अपना ध्यान किसी रचनात्मक कार्य में लगायेंगे जिससे आपका अनुभव और अधिक बढ़ेगा। आप ऐसे लोगों से मिलेंगे, जो भविष्य में आपकी मदद करेंगे। आज अपने महत्वपूर्ण काम को पूरा करने में सफल होंगे, जिससे आप रिलैक्स महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी, परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

**व्यंग्य**

# बीमारी पुरानी-इलाज नया

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',**



मनोहर बाबू नहा-धोकर तैयार हुए ही थे कि उनकी पत्नी ने उन्हें गुड मॉर्निंग कहा। उन्होंने आश्चर्यचकित होकर देखा तो उनकी अर्धांगिनी भी मुस्कुराने लगी। उन्होंने पत्नी की नब्ज़ टटोली। एनओसी मिल गई तो उन्होंने खुद को संभाला और पूछा- ÷क्या बात है देवी! कुछ चाहिए क्या? मुँह फुलाकर रहने वाली तुम न एजी कहा न ओजी...सीधे अंग्रेजी में गुड मार्निंग। तबियत तो ठीक है न। कहीं मेरी जेब पर डाका मारने का इरादा तो नहीं है न? अब मुझसे खाली जेबों पर डाका नहीं डाला जाता। जब तक आप शाम को दोस्तों के साथ बैठने की आदत छोड़ नहीं देते, तब तक आपकी जेब की ओर देखने की जरूरत नहीं है।÷ पत्नी ने तंज कसते हुए कहा। मैं बाहर जरूर रहता हूँ लेकिन शराब पीने के लिए नहीं... अपनी कविताएँ सुनाने के लिए। वह क्या है न कि हमारे मित्र कविता के कद्रदान हैं। उनके पास कविता सुनाने वालों की भीड़ लगी रहती है। वे एक बार बढ़िया, शानदार, वाह-वाह शब्दों का ठप्पा लगा दें तो समझो कविता लिखना सफल हुआ। रद्दी-भद्दी-चिंदी कविताएँ सुन-सुनकर उन्हें 'पोएमेरिया' की बीमारी हो गई है। इसके लिए शराब के सिवाय कोई दूसरी दवा नहीं है। और यह दवा फोकट में मिलती तो है नहीं! इसीलिए भुगतान करना पड़ता है। वैसे इस बीमारी में मेरा योगदान भी रेखांकित करने योग्य है। मुझे सुबह, दोपहर, शाम और रात की तर्ज पर चार-चार कविताएँ लिखने की आदत हो गई हैं। जब से मुझे कुछ इस तरह से कविता लिखने की खुजली हुई है तब से मेरे सहकर्मी और जान-पहचान के लोग बीमाकर्मी से अधिक खतरनाक मानने लगे हैं। उन्हें मुझे छूना तो दूर देखने से भी छुआछूत की मानिंद बीमारी फैलने का डर सता रहा है। अब वे मेरे साथ उठते-बैठते नहीं हैं। इसीलिए शाम को अपने 'भुगतान करो कविता सुनाओ' वाले मित्रों की शरण में चला जाता हूँ। उन्हें भुगतान कर अपनी कविता सुनाकर अपनी चुल मिटाता हूँ। उन्हें शराब पीते समय कविताएँ सुनने और मुझे सुनाने की आदत हो गई है। तुम जानती ही हो कि आजकल कविता सुनने वाले लोग कहाँ मिलते हैं।÷ पति ने किसी दार्शनिक की तरह अपना दुखड़ा रोया। ÷क्यों! आपके वो एक मित्र हैं न फुर्सतचंद, जो फोकट में सुनते हैं। उनके रहते आपको यहाँ-वहाँ मुँह मारने की क्या जरूरत है? पत्नी ने पति की बातों में मज़े लेते हुए पूछा। पता चला है किसी जलककुड़े ने उनके कान भर दिए कि आप फोकट में किसी की बेफिजूल क्यों सुनते हैं? इसीलिए आजकल वे हारे हुए उम्मीदवारों का दुखड़ा सुनते हैं। हारे हुए उम्मीदवार कार भेजकर उन्हें अपने घर बुलाते हैं। आवभगत अलग से। एसी में बैठकर छप्पन भोग वाली थाली छकते हुए हूँ...हूँ करते हुए पूरा किस्सा सुनते हैं। बीच में पॉवर नैप भी मिलता है। ऊपर से मोटी रकम अलग से!! तभी दरवाज़े पर किसी ने आहट दी। उन्होंने अपना परिचय प्रचार कुमार के रूप में बताया। उन्होंने कहा - ÷हमारे गली साहित्य की दुनिया में आपका नाम बड़ा है। लोगों को भले ही पता न हो लेकिन 'आग जला' समाचार पत्र में आप चंदा देकर नियमित छपते हैं। वह भी पहले पन्ने पर। मजबूरी में ही सही आपकी कविता हमें पसंद करनी पड़ती है। सुना है आपके पास खानदानी संपत्ति की कोई कमी नहीं है। दरअसल मैं सरकार के खासे करीब हूँ। चाहता हूँ कि आपकी कोई कविता स्कूली पाठ्यक्रम में लगाया जाए। अरे आप खड़े क्यों हैं? बैठिए न। चाय-नमकीन मंगाता हूँ। बैठकर बात करते हैं। इतने दिनों तक मैं फुटकर समाचार में छपने को ही अपना भाग्य मानता रहा। एक बार मेरी एक कविता पाठ्यक्रम में लग जाए मैं फिर कभी इन समाचार पत्रों के लिए नहीं लिखूँगा। अरे ऐसा न कहें। यहीं तो वे समाचार पत्र होते हैं जहाँ हमें छपासखोर के साथ-साथ मालदार लोग मिल जाते हैं। नामचीन समाचार पत्रों में छपने वाले बड़े घमंडी और नकचढ़ऊ होते हैं। भला हो इन फुटकर समाचार पत्रों का जो हम जैसे कद्रदानों से भेंट करवा देता है। इतना कहते हुए दोनों ठहाके मारकर हँसने लगे।




**मीडिया-साहित्य**

**डॉ सत्यवान सौरभ**

# चिंताजनक है अखबारों और लेखकों की स्थिति

**समाचार पत्र और यहां तक कि लेखकों को भी अस्तित्व बचाने के लिए गूगल व फ़ेसबुक को मात देना होगा। बदहाल होती स्थिति पर सवाल यह है- वे ऐसा कैसे करेंगे? सबसे महत्वपूर्ण कारक है न्यूज़ कैरियर की बढ़ोत्तरी- गूगल, फ़ेसबुक और बाकी दूसरे। एक तरफ वे किसी अन्य द्वारा उत्पादित समाचार ले लेते हैं और दूसरी तरफ वे समाचार पत्रों की आजीविका-राजस्व को हड़प लेते हैं। इनसे ज्यादा बदतर स्थिति में अखबारों के लिए लिखने वाले लेखक है जो आए दिन पूरी मेहनत करते है लेकिन मेहनताना देखे तो समुंदर में मोती मिल जाए मगर लेखकीय सहयोग नहीं। कारण इंटरनेट पर सामग्री की भरमार के फलस्वरूप अखबार कहीं से भी कुछ उठाते है और चस्पा कर देते है। ऐसे में न लेखक की जरूरत और न ही लेखकीय सहयोग का झंझट। इसी के चलते पत्रकारिता आज शातिर दिमाग वालों के लिए धंधा बन गई है जो पच्चास सौ कॉपी छपवाते है या डिजिटल एडिशन निकालते है और बदले में विज्ञापनों से पैसा बनाते है। यहीं नहीं ऐसे लोग लेखकों को लेखकीय सहयोग देने की बजाय लेखकों से लेख छपवाने के लिए पैसे की मांग भी करते है। शर्मसार है ऐसे में पत्रकारिता।**



समाज में जागरूकता लाने में अखबारों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। यह भूमिका किसी एक देश अथवा क्षेत्र तक सीमित नहीं है, विश्व के तमाम प्रगतिशील विचारों वाले देशों में समाचार पत्रों की महती भूमिका से कोई इंकार नहीं कर सकता। मीडिया में और विशेष तौर पर प्रिंट मीडिया में जनमत बनाने की अद्भुत शक्ति होती है। नीति निर्धारण में जनता की राय जानने में और नीति निर्धारकों तक जनता की बात पहुंचाने में समाचारपत्र एक सेतु की तरह काम करते हैं। भारत में समाचार पत्रों द्वारा परोसी जाने वाली परंपरागत पत्रकारिता ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। वो चाहे अंग्रेज़ी भाषा का पहला समाचार पत्र- जेम्स हिकी द्वारा 1779 में प्रकाशित बंगाल गजट हो या 19वीं शताब्दी के पूर्वार्ध में भारतीय भाषाओं में छपना शुरू हुए समाचार पत्र हों। सरकारी पाबंदी, आर्थिक मंदी और टेलीविज़न के विस्तार ने समाचार पत्र उद्योग को पहले भी झकझोरा था, लेकिन इससे पहले कभी यह सवाल नहीं पूछा गया कि भारत में प्रिंट मीडिया जिंदा रहेगा या नहीं। लेकिन आज समाचार पत्र और यहां तक कि लेखकों को भी अस्तित्व बचाने के लिए गूगल व फ़ेसबुक को मात देना होगा। बदहाल होती स्थिति पर सवाल यह है, वे ऐसा कैसे करेंगे? सबसे महत्वपूर्ण कारक है न्यूज़ कैरियर की बढ़ोत्तरी- गूगल, फ़ेसबुक और बाकी दूसरे। एक तरफ वे किसी अन्य द्वारा उत्पादित समाचार ले लेते हैं और दूसरी तरफ वे समाचार पत्रों की आजीविका-राजस्व को हड़प लेते हैं। इनसे ज्यादा बदतर स्थिति में अखबारों के लिए लिखने वाले लेखक है जो आए दिन पूरी मेहनत करते है लेकिन मेहनताना देखे तो समुंदर में मोती मिल जाए मगर लेखकीय सहयोग नहीं। कारण इंटरनेट पर सामग्री की भरमार के फलस्वरूप अखबार कहीं से भी कुछ उठाते है और चस्पा कर देते है। ऐसे में न लेखक की जरूरत और न ही लेखकीय सहयोग का झंझट। इसी के चलते पत्रकारिता आज शातिर दिमाग वालों के लिए धंधा बन गई है जो पच्चास सौ कॉपी छपवाते है या डिजिटल एडिशन निकालते है और बदले में विज्ञापनों से पैसा बनाते है यहीं नहीं ऐसे लोग लेखकों को लेखकीय सहयोग देने की बजाय लेखकों से लेख छपवाने के लिए पैसे की मांग भी करते है। शर्मसार है ऐसे में पत्रकारिता। यह चिंताजनक स्थिति है क्योंकि अपने स्वरूप के कारण, जो फिक्स है, समाचार पत्र अभी भी भरोसेमंद हैं। एक अखबार पूर्ण है। यह अंतिम रूप से तैयार है, अपने आप में पक्का है, निश्चित है। इसके उलट डिजिटल समाचार को लगातार अपडेट किया जाता है, सुधारा जाता है, बदला जाता है। यह ÷पूर्णता÷ अखबारों की ताकत है। एक बार कुछ छप जाने के बाद, इसे टेलीविज़न या डिजिटल प्लेटफॉर्म की तरह बदला नहीं जा सकता है। लेकिन इस नियत प्रारूप के लिए चुनौतियां बढ़ रही हैं। एक बड़ी दुविधा यह है कि क्या भारतीय पाठक गुणवत्तापूर्ण सामग्री के लिए भुगतान करने में रुचि रखते हैं, जबकि मुफ्त सामग्री हर जगह उपलब्ध है? इस सवाल का जवाब आसान नहीं है। पाठक भुगतान नहीं करते तो परिणामस्वरूप अखबार भी अपने लेखकों से भुगतान के नाम पर कन्नी काट रहें है। लेकिन अगर लेखक ही नहीं रहें तो अखबार मर ही जायेंगे। इसलिए अखबारों की जिम्मेवारी बनती है कि वो लेखकों को जिंदा रखे। अखबारों के साथ एक बात यह भी सोचने की है, लेखकों की आर्थिक स्थिति कैसी है ? मुझे ज्यादा पता नहीं है, पर कुछ बड़े लेखकों-पत्रकारों को छोड़ दें तो सिर्फ लिखकर अपने परिवार का भरण-पोषण करना भी मुश्किल है । दो लाख रुपये एक मुश्त देखना तो सपना ही है । क्यूँ कोई लेखक इतने रुपये एक साथ देख भाव विह्वल हो जाता है ? समाचार पत्र की सबसे बड़ी पूंजी इसका बुनियादी ढांचा है, जो इसकी समस्या भी है। यह बहुत बड़ा है, क्योंकि उद्योग बड़ी संपादकीय टीम, प्रिंटिंग प्रेस, सर्कुलेशन और मार्केटिंग नेटवर्क के कारण बड़ी संख्या में मानव श्रम पर निर्भर है। अधिकांश समाचार पत्र उत्पादन की लागत पर अपने राजस्व से सब्सिडी देते हैं। सर्कुलेशन दिनोंदिन कम हो रहा है क्योंकि सरकार की ओर से कोई समर्थन हासिल नहीं है। यही कहानी लगभग सभी अखबारों की है। फंड की कमी के कारण ये बंद होते जा रहे हैं। अखबार अभी तक केवल इनको चलाने वालों की प्रतिब्धता के कारण ही जीवित हैं। समाचार पत्र या गंभीर समाचार उद्योग अब सिर्फ एक काम समाचार-संग्रह- करता नहीं रह सकता है- उसे डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र की बेहतर समझ के साथ तकनीक को अपनाने से लेकर छोटे-छोटे संस्थानों और व्यक्तियों के संग काम करना, लेखकों को उचित पारिश्रमिक देकर कई फ़ॉर्मेट में स्टोरी को पेश करने से लेकर नए तरीके की मार्केटिंग रणनीति का पता लगाना होगा। उम्मीद है, समाचार पत्र इन हकीकतों पर ध्यान केंद्रित करेंगे, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए। अंत में, व्यक्तिगत रूप से संचालित वीडियो ब्लॉग, सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म, मैसेजिंग ग्रुप और एप्लिकेशन भी बड़ा आकर्षण रखते हैं, साथ ही अखबारों के पोर्टल से ट्रैफ़िक को दूर ले जा रहे हैं क्योंकि उपभोक्ता समझ रहे हैं कि सोशल मीडिया पर उनके संदेश तेजी से असर कर सकते हैं। इस तरह स्वाभाविक रूप से उपभोक्ता दुनिया भर में परंपरागत मीडिया से दूर जा रहे हैं। गंभीर समाचार उद्योग उच्च गुणवत्तापूर्ण सामग्री पेश करके अभी भी जीवित रह सकता है, क्योंकि इसमें अभी भी पुराने दौर के ठोस संपादकों की निगरानी में एक दमदार रिपोर्टिंग टीम है, जो तकनीक की विरोधी नहीं है और तेज़तर्रार नई पीढ़ी के साथ काम करने को तैयार है।

